संख्या-365/2023/1449/41-2023-122(बजट)/2019 टी0सी0-1

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उत्तर प्रदेश।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक **17** अप्रैल, 2023

विषय:-जनपद मथुरा के गोवर्धन पर्वत लगे वृक्षों में पानी डालने हेतु स्प्रिंकलर प्रणाली बिछाने एवं रेनगन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, पर्यटन के पत्र सं0-9501/6-1-1(72)/ ब्र0ती0 वि0प0/2019, दिनांक 15.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रश्नगत परियोजना को निरस्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

2- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरांत शासन द्वारा जनपद मथुरा के गोवर्धन पर्वत लगे वृक्षों में पानी डालने हेतु स्प्रिंकलर प्रणाली बिछाने की परियोजना को एतद्द्वारा निरस्त किये जाने की श्री राज्यपाल स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त परियोजना हेतु पर्यटन अनुभाग के शासनादेश संख्या-274/2019/3799/41-2019-122(बजट)/ 2019 टी0सी0-1, दिनांक 06.12.2019 द्वारा धनराशि रू0 323.82 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त की गयी धनराशि **रू0 161.91 लाख (रू0 एक करोड़ इकसठ लाख इक्यानवे हजार मात्र)** को ब्याज सहित राजकोष में जमा कराते हुए 01 सप्ताह के अन्दर सूचना शासन को उपलब्ध कराने तथा विलम्ब के लिए उत्तरदायी के विरुद्ध कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. उपाध्यक्ष, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लखनऊ।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी,मथुरा।
6. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा।
7. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. निदेशक, पर्यटन उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया क्रमांक-3, 4, 5, 6, 7, 9 व 10 को अपने स्तर से आदेश की प्रति प्रेषित करने का कष्ट करें।
9. संयुक्त निदेशक, पर्यटन, आगरा।
10. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा।
11. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
12. गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।